# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट—महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135—2669658 फैक्स न0 0135—2672902

पत्रांक—परीक्षा/ 299 /2024—25 दिनांकः— 12 दिसम्बर, 2024

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विभिन्न विभागों इण्टरमीडिएट स्तर अर्हता (परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप—आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड—3,गृहमाता, हाउस कीपर(महिला) के पदों की शारीरिक माप—जोख एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 11 जनवरी से 16 फरवरी, 2024 तक आयोजित की गई। उक्त विज्ञापित पदों हेतु दिनांक 30 जून, 2024 को लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई।

उक्त लिखित परीक्षा तथा शारीरिक माप—जोख एवं दक्षता के आधार पर विज्ञापित रिक्त पदों के सापेक्ष निर्धारित अनुपात में आयोग की विज्ञप्ति संख्या—परीक्षा (गोपन)/192/2024—25, दिनांक 14—08—2024 एवं विज्ञप्ति संख्या—परीक्षा (गोपन)/367/गो0/2024—25, दिनांक 11—12—2024 के द्वारा आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई।

सूच्य है कि विभिन्न विभागों इण्टरमीडिएट स्तर अर्हता (परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप—आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड—3,गृहमाता, हाउस कीपर (महिला) पदों की दिनांक 14—08—2024 एवं दिनांक 11—12—2024 को जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु दिनांक 19—12—2024 से कार्यक्रम तैयार किया जाता है जिसके अनुसार निर्धारित तिथियों में चयनित अभ्यर्थियों की अंकित **Serial Number (S.NO.)** के अनुसार अभिलेख सत्यापन आयोग कार्यालय में किया जायेगा।

### :: अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित कार्यक्रम ::

| क्र0 सं0 | पदनाम | दिनांक 14 अगस्त, 2024 को जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि | |
|---|---|---|---|
| | | **Serial Number** | **सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि** |
| 1. | परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप—आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड—3,गृहमाता, हाउस कीपर(महिला) | क्र0सं0 1 से 80 तक | 19 दिसम्बर, 2024 (वृहस्पतिवार) |
| | | क्र0 सं0 81 से 161 तक | 20 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार) |
| | | क्र0 सं0 162 से 242 तक | 23 दिसम्बर, 2024 (सोमवार ) |
| | | क्र0 सं0 243 से 323 तक | 24 दिसम्बर, 2024 (मंगलवार ) |
| | | क्र0 सं0 324 से 358 तक | 26 दिसम्बर, 2024 (वृहस्पतिवार) |
| **क्र0 सं0** | **पदनाम** | **दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि** | |
| 2 | आबकारी सिपाही | क्र0सं0 1 से 80 तक | 27 दिसम्बर, 2024 (शुक्रवार) |
| | | क्र0 सं0 81 से 148 तक | 30 दिसम्बर, 2024 (सोमवार) |

अतः औपबन्धिक रूप से चयनित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :—

1 जारी श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेख सत्यापन की नियत तिथि को अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो **अभ्यर्थी के द्वारा विज्ञापित पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप आवेदन पत्र में शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाणपत्र अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो—दो प्रतियाँ (अलग—अलग) व 06 पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ** निर्धारित तिथियों को प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

क्रमशः

2. ध्यान दें कि शैक्षिक अर्हता के अन्तर्गत विज्ञापित पद के अनुरूप अभ्यर्थी की हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व स्नातक की समस्त वर्षों सहित अंक तालिकायें व प्रमाण पत्र/उपाधि तथा आरक्षण व स्थाई निवास से संबंधी प्रमाण पत्रों के मूल अभिलेखों सहित नियत तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है।
3. **आरक्षण (EWS/OBC/SC/ST/PH/EX/DFF/ORPHAN) का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक निर्धारित प्रारूप पर वैध प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत कियागया हो**, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. **सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी को सत्यापन के समय विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
5. अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाण पत्रों में साम्य न हो तो उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में एवं उसकी छाया प्रति लाना अनिवार्य है।
6. आयोग की वेबसाइट पर **अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप (चैकलिस्ट)** एवं **अभिलेख सत्यापन में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। अभ्यर्थी उक्त प्रारूपों को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण दो–दो प्रतियों (अलग–अलग) में तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
7. अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथियों में अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित न होने के संबंध मे **यदि कोई गंभीर कारण हों** तो उस संबंध में अभ्यर्थी साक्ष्य के साथ अपने **अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि से आगामी 02 दिवसों में आवश्यक रूप से अभिलेख सत्यापन में उपस्थित हो सकते हैं**। इसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी के अभिलेख सत्यापन के लिए कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।
8. यदि अभिलेख सत्यापन की निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावे के अनुरूप सही अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम हेतु विचार नहीं किया जायेगा।
9. अभ्यर्थियों के द्वारा विज्ञापित पद/विभाग के अनुसार ऑनलाइन प्राथमिकता (Preference) भरना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को विकल्प/वरीयता भरने हेतु आयोग द्वारा अधिकृत वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर लिंक दिया जा रहा है। ऑनलाईन विकल्प भरने हेतु यूजर आई0डी0–अभ्यर्थी का अनुक्रमांक एवं पासवर्ड–जन्मतिथि अनिवार्य है। ऑनलाईन भरे गये विकल्पों को सबमिट करने के बाद दो प्रतियों में प्रिन्ट निकालना है। एक प्रति हस्ताक्षर सहित अपने अभिलेख सत्यापन की तिथि को आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विकल्प/वरीयता एक बार सबमिट होने के बाद किसी भी दशा में संशोधित/परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा।
10. **परिवहन आरक्षी, उप–आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड–3, गृहमाता, हाउस कीपर (महिला) एवं आबकारी सिपाही के पद पर चयनित ऐसे अभ्यर्थी, जिनका चयन दोनों पदों में हुआ है, सम्बन्धित अभ्यर्थी का सत्यापन निर्धारित तिथि को दोनों पदों का एक ही (सत्यापन तिथि जो पहले हो), तिथि को अभिलेख सत्यापन किया जाएगा।**
11. आयोग परिसर में मोबाईल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

12/12/24

अनुसचिव
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून।

**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।**

1. नाम अभ्यर्थी :–
2. पिता का नाम :–
3. अनुक्रमांक :–
4. चयनित पद का नाम : –
5. चयनित पद कोड :–

पासपोर्ट आकार की फोटो स्वप्रमाणित कर चस्पा करें।

अभिलेख सत्यापन हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेखों/संलग्नकों का विवरण

| क्र0 सं0 | शैक्षिक एवं अन्य अभिलेखों का विवरण | | जारी होने की तिथि | वैधता तिथि | संलग्न हॉ/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | अंक तालिका | | | |
| | | प्रमाण पत्र | | | |
| 2 | इण्टर | अंक तालिका | | | |
| | | प्रमाण पत्र | | | |
| 3 | स्नातक | प्रथम वर्ष की अंक तालिका | | | |
| | | द्वितीय वर्ष की अंक तालिका | | | |
| | | तृतीय वर्ष की अंक तालिका | | | |
| 4 | स्नातक की उपाधि | | | | |
| 5 | डिप्लोमा/तकनीकी डिग्री | प्रथम वर्ष/प्रथम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | द्वितीय वर्ष/द्वितीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | तृतीय वर्ष/तृतीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | चतुर्थ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | पंचम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | षष्ठ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | सप्तम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | अष्टम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| 6 | डिप्लोमा/ तकनीकी डिग्री प्रमाण पत्र | | | | |
| 7 | स्थाई /मूल निवास प्रमाण पत्र | | | | |
| 8 | आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 9 | आरक्षण से सम्बन्धित उप–श्रेणी का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 10 | सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र (जहां अनिवार्य हो) | | | | |
| 11 | सेवारत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा प्रदत्त विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 12 | अधिमानी अर्हता (यदि लागू हो और आवेदन पत्र में भरा गया हो) | | | | |
| 13 | पहचान पत्र (जो आवेदन पत्र में भरा गया हो). | | | | |
| 14 | कम्प्यूटर से सम्बन्धित डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 15 | टंकण परीक्षा में अर्ह होने से सम्बन्धी कम्प्यूटर टाइपिंग शीट की प्रति (यदि लागू हो) | | | | |
| 16 | अन्य | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 17 | पासपोर्ट आकार की 04 रंगीन फोटो | | | | |

नोटः–

1. अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन के समय चयनित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व पास पोर्ट आकार की फोटो लेकर उपस्थित होंगे।
2. अभ्यर्थी उक्त प्रारूप पर समस्त विवरण भरकर अभिलेख सत्यापन की तिथि को उक्त प्रपत्र को क्रमानुसार सत्यापन के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।
3. मूल अभिलेख प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

स्थानः–
अभिलेख सत्यापन की दिनांक :–
संलग्नकों की संख्या–

हस्ताक्षरः–
अभ्यर्थी का नामः–
मो0नं0–

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

## अभिलेख सत्यापन में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र

| पास पोर्ट आकार की स्वप्रमाणित फोटो |
|---|

1. चयनित पद नाम :–
2. पद कोड :–
3. अभ्यर्थी का नाम :–
4. पिता का नाम :–
5. लिखित परीक्षा का अनुक्रमांक :–
6. टंकण क्रमांक (यदि लागू हो तो) :–
7. चयनित श्रेष्ठता सूची का क्रमांक :–
8. अभिलेख सत्यापन की तिथि :–

दिनांक :–

समय :–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर–

अभ्यर्थी का नाम–

पता :–

मोबाईल नं0–